# पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी तथ्य चार्ट
# लिंग-डिस्फोरिया में यौवन को रोकने के उपचार

## यौवन अवरोधक क्या होते हैं ?

यौवन अवरोधक दवाओं के लिए तकनीकी नाम गोनाडोट्रोपिन रिलीजिंग हार्मोन एनालॉग्स (GnRHa) है । इन दवाओं को असामयिक यौवन के इलाज के लिए विकसित किया गया था । जब इन दवाओं का लगातार उपयोग किया जाता है, तो ये पिट्यूटरी ग्रंथि द्वारा बनाए जाने वाले यौवन हार्मोन को दबा देती हैं ।

## यौवन अवरोधकों का उपयोग कब किया जाता है ?

ये दवाएं यौवन से जुड़े शारीरिक परिवर्तनों के विकास को रोक सकती हैं । जन्म के समय जिन बच्चों का नारी लिंग निर्धारित किया गया होता है, उनमें ये दवाएं स्तन विकास और माहवारी को रोक सकती हैं । जन्म के समय जिन बच्चों का पुरुष लिंग निर्धारित किया गया होता है, उनमें ये दवाएं वृषण और लिंग के विस्तार, आवाज को गहरा करने, चेहरे के बालों के विकास, चेहरे की मर्दाना विशेषताओं और हड्डियों के ढांचे को रोक/ बदल सकती हैं । ये दवाएं आमतौर पर युवावस्था के शुरुआती शारीरिक संकेतों के बाद शुरू की जाती हैं और तब तक जारी रहती हैं जब तक अवरोधक की आवश्यकता होती है: जब तक कि उचित लिंग-पहचान का हार्मोन या सर्जरी द्वारा इलाज नहीं हो जाता है । कभी-कभी, इन दवाओं का उपयोग उन किशोरों में किया जाता है, जिनमे पहले से ही यौवन की शुरुआत हो चुकी है । माहवारी को रोकने के लिए ये दवाएं प्रभावी हैं।

## इन दवाओं के विशिष्ट प्रकार क्या हैं और उन्हें कैसे दिया जाता है ?

ल्यूप्रोलाइड एसीटेट डिपो (व्यापार नाम: ल्यूप्रॉन डिपो) और ट्रिप्टोरेलिन (व्यापार नाम: ट्रिप्टोडूर) मांसपेशियों में टीके द्वारा दिए जाते हैं । इन्हें प्रत्येक 1, 3 या 6 महीनों में दिया जाता है । हिस्ट्रेलिन एसीटेट (व्यापार नाम: सप्रेलिन) का बांह की त्वचा के नीचे प्रत्यारोपण किया जा सकता है । हिस्ट्रेलिन एसीटेट एक वर्ष या उससे अधिक तक काम करता है ।

## यौवन अवरोधकों के क्या लाभ हैं ?

यौवन संबंधी परिवर्तन विकसित हो जाने पर, व्यक्ति की उचित लिंग-पहचान वाली विशेषतायों को संरेखित करना मुश्किल हो सकता है । सर्जरी द्वारा इन यौन विशेषताओं को बदलवाना दर्दनाक और महंगा हो सकता है । इसलिए युवावस्था की शुरुआत में यौवन अवरोधकों के इस्तेमाल का फ़ायदा हो सकता है । ये दवाएं प्रतिवर्ती हैं और किशोरों को बिना किसी मानसिक तनाव के स्वयं की लिंग-पहचान करने का समय देती हैं । लिंग-डिस्फोरिया से प्रभावित युवक यदि यौवन-अवरोधक इलाज करवाते हैं, तो उन्हें डिप्रेशन होने की  संभावना कम रहती है । जो किशोर विशिष्ट मानदंडों को पूरा करते हैं, उनके लिए यौवन अवरोधक इलाज की सलाह दी जाती है (एंडोक्राइन सोसायटी दिशानिर्देश 2017)।

## क्या मेरे बच्चे का बीमा यौवन अवरोधकों के मूल्य को कवर करेगा ?

यौवन अवरोधक महंगे होते हैं । वित्तीय कवरेज या बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है । फिर भी, अधिक बीमा कंपनियां इस मूल्य को कवर कर रही हैं । अपनी बीमा कम्पनी के साथ समीक्षा करना महत्वपूर्ण है ।

## यौवन अवरोधकों से संभावित नकारात्मक परिणाम क्या हो सकते हैं ?

यौवन अवरोधकों द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का उपचार काफी हाल ही में शुरू हुआ है । इसलिए, दीर्घकालिक मानसिक स्वास्थ्य परिणामों के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है । हालांकि, पिछले 30 वर्षों से, इन दवाओं का उपयोग असामयिक यौवन के इलाज के लिए सफलतापूर्वक और कुछ ही दुष्प्रभावों के साथ किया गया है । फिर भी, हड्डियों के विकास के लिए यौवन हार्मोन के महत्व को देखते हुए, GnRHa के दीर्घकालिक उपयोग के बारे में कुछ चिंताएं हैं । भविष्य के प्रजनन विकल्प पर भी इस इलाज का असर पड़ सकता है । एक अनुभवी चिकित्सक के साथ विभिन्न उपचार विकल्पों और उपचार के जोखिमों और लाभों के सभी पहलुओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ।

**यह जानकारी पीडियाट्रिक एंडोक्राइन सोसाइटी के मरीज शिक्षा अनुभाग की सहायता से छपी है।**

PES PEDIATRIC ENDOCRINE SOCIETY